an>

Title: Regarding stoppage of trains in Wardha Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): मैं माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि कोविड -19 महामारी आने के बाद रेल विभाग ने रेल के परिचालन को बंद किया था जो आवश्यक भी था, किन्तु कोविड -19 के महामारी में कमी आने के बाद जब पुनः रेलवे ने स्पेशल ट्रेन के रूप में चालू किया तो ट्रेनो के स्टोपेज कम कर आधे रेलवे स्टेशन पर ठहराव दिया जिससे पूरे भारत वर्ष के प्रवासी एवं आम नागरिको को कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। यहा तक मेरे संसदीय क्षेत्र में तीन बड़े रेलवे स्टेशन है -वर्धा, पुलगांव एवं हिंगनघाट। इन सभी स्टेशनो पर ट्रेनो का ठहराव नही होने से काफी कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है । देश भर के यात्रियों के साथ यह समस्या है । अतः रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उपरोक्त समस्या से निराकरण के लिए कोविड -19 महामारी के पूर्व ट्रेनो के नियत स्टोपेज पर ट्रेन का ठहराव दिलाने की कृपा करें जिससे कि आम नागरिक, प्रवासी, व्यवसायी, महिला एवं विद्यार्थियों को राहत मिले ।